(c) No special allowance has been specifically granted in the border areas of the North-eastern, Western and Northern Region of the.country except the usual compensatory allowances such as Special Compensatory (Remote Locality) allowance, Compqsjte Hill Compensatory Allowance and Special (Duty) Allowance etc. which are admissible in specified areas subject to the fulfilment of the conditions for grant of these allowances.

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में स्थित लघु उद्योगों को दी जाने वाली राज सहायता का बन्द किया जाना

64. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने को करेंगे कि :

(क) क्या महाराष्ट्र राज्य के कोंकण क्षेत्र में पिछड़े रत्नागिरि जिले में स्थित लघु उद्योगों को उपलब्ध 15 प्रतिशत राज सहायता बन्द कर दी गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस निर्णय के परिणामस्वरूप विकास रुक जाने की आशंका से रत्नागिरि जिले में भारी असंतोष व्याप्त है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या राजसहायता पुनः आरम्भ कर दी जायेगी ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) से (ग) केन्द्रीय निवेश सबसीडी योजना जो केन्द्रीय सरकार द्वारा पता लगाये गये महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले सहित औद्योगिक रूप से पिछड़े सभी जिलों के लिए लागू थी, की अवधि 30 सितम्बर, 1988 तक है। इसकी अवधि बढ़ाने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए है। सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं किया दे।

धनसारी घाटी परियोजना, जोरहाट के अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

65. **श्री सत्य-प्रकाश मालवीय :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग की धनसारी घाटी परियोजना, जोरहाट के उपमहाप्रबन्धक और चीफ इंजीनियर ड्रिलिंग के विरुद्ध कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) सरकार को ऐसी किसी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली के पेट्रोल पम्पों एवं गैस एजेंसियों का आबंटन

66. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1989-90 के दौरान सरकार का दिल्ली में कितने पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी देने का प्रस्ताव है और कहां-कहां; और

(ख) इस संबंध में सरकार क्या अग्रेतर कार्यवाही कर रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) 1987-88 की वार्षिक विपणन योजना तक तेल कंपनियों द्वारा दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में 47 नई खुदरा बिक्री केन्द्रों की डीलरशिपें (मोटर स्प्रिट/डीजल) स्थापित करने तथा 1988-89 तक की वार्षिक विपणन योजना के